जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2024/ 178 दिनांक : 05/06/2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

आवश्यक सूचना

विषयः- B.B.A. / B.C.A./B.T.M. (N.E.P.) III YEAR MARCH -2024 **(नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी)** की **प्रायोगिक परीक्षाओं एवं आंतरिक मूल्यांकन** के अंक ऑनलाइन अपडेट किये जाने हेतु ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त परीक्षा के परीक्षार्थियों की **(नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी) प्रायोगिक परीक्षाओं एवं आंतरिक मूल्यांकन** के अंक संपादित कराकर उनके अंक दिनांक **12/06/2024**तक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपडेट करें ।

विशेष नोटः- आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें । पोर्टल पर अंक भरते समय पर **किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख निर्धारित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT) ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा रिक्त/डेस कुछ भी अंकित न करें** । महाविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट नहीं करने पर सम्बन्धित छात्र को **अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्राचार्य का होगा।** विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक अंक मान्य नहीं किये जावेगें । अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार **अर्थदंड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही** की जावेगी । **स्थायी समिति की विशेष बैठक दिनाक 15.09.2021 के निर्णयानुसार पत्र/क्रं/एफ/अकादमी /सभा /2021/904/ दिनाक 15/09/21 के द्वारा यदि महा. से ऑनलाइन अंक प्रेषित करने मे टंकण त्रृटि होती है तो सबंधित महाविघालय परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व मूल रिकार्ड के साथ प्रति छात्र रुपये 1000/- अर्थ दण्ड जमा कर विश्वविद्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार किये जा सकते है । परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार नहीं किये जायेगें एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अग्रेषण अधिकारी की होगी ।**

अंक ऑनलाइन भरने के पश्चात् भरे हुये अंकों को बेवसाईट से प्रिंट कर प्राचार्य/प्राचार्या से प्रमाणित कराकर चार दिवस के भीतर विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा कराये जिन महाविद्यालय को बाहा परीक्षको के पत्र प्राप्त नही हुए है वह कक्ष क्र. 314 (प्रायोगिक सैल) से प्राप्त कर सकते हैं। MAIL ID – Jiwajiprconf@gmail.com

उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)

प्रतिलिपिः-

1.समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2.कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
3.कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
4.उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
5.श्री **एच.के.द्विवेदी** एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवष्यक कार्यवाही हेतु।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)